रिपोर्ट

हिंदी साहित्य परिषद्

हिंदी विभाग, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

हिंदी में रोजगार की संभावनाएं - वक्ता : पूरनचंद टंडन

हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज द्वारा दिनांक 09 फ़रवरी, 2021 को हिंदी साहित्य परिषद्, श्यामलाल कॉलेज ने हिंदी में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालयन के हिंदी विभाग के प्रोफ़ेसर पूरनचंद टंडन इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। प्रोफ़ेसर पूरनचंद टंडन ने हिंदी में रोजगार की संभावना विषय पर विद्यार्थियों के समक्ष एक सुचिंतित व उपयोगी वक्तव्य दिया और बताया कि हिंदी का अध्ययन रोजगार की कई संभावनाओं को जन्म देता है और ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिनमे हिंदी में विशेष योग्यता रखनेवाले आवेदकों का ही चयन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकारी छेत्र के अलावा कई निजी क्षेत्रों में हिंदी के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अनेक मौके हैं। मीडिया, मनोरंजन, अनुवाद, विज्ञापन, प्रकाशन, जन संपर्क, सिनेमा आदि कई क्षेत्र हैं जिनमें हिंदी के योग्य छात्रों की मांग होती है। इससे पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविनारायण कर ने प्रोफ़ेसर पूरनचंद टंडन का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ राकेश मीना ने प्रोफ़ेसर पूरनचंद टंडन के वक्तव्य के मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए हिंदी विभाग तथा श्यामलाल कॉलेज की तरफ से उन्हें कॉलेज में पधारने के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विभाग के सभी सदस्य और छात्रों की इस कार्यक्रम में उत्साहजनक उपस्थिति रही। दूसरे विभागों के शिक्षक भी प्रोफ़ेसर पूरनचंद टंडन को सुनने के लिए आए। कुल मिलाकर यह आयोजन काफी सफल रहा और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को काफी सराहा।

इसके अलावा छात्रों के वार्षिकोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। कुल मिलकर यह कार्यक्रम काफी सफल और छात्रों के हिसाब से काफी उपयोगी रहा।

20:43
SLC (दिल्ली विश्वविद्यालय)
श्यामलाल कॉलेज
हिंदी विभाग
In collaboration with
IQAC
Is Organizing
A Webinar
On
हिंदी में रोज़गार की संभावनाएं
दिनांक:- 9th Feb'21
समय:- 11:00 AM
मंच:- ZOOM
TO REGISTER
SCAN:-
प्रोफेसर(डॉ०) पूरनचंद टण्डन
(हिन्दी विभाग, दिल्ली यूनिवर्सिटी)
For more details:-
• Abhay Goel
(9758970169)
• Ruchika Tiwari
(9971475045)
•E-Certificate will be provided to all the attendees
डॉ० राकेश मीना
(शिक्षक प्रभारी,हिंदी विभाग)
डॉ० कुशा तिवारी
(प्रधान प्रभारी,IQAC)
प्रो० रबी नारायण कर
(प्रधानाचार्य,SLC)
Copy text from image
Share
Edit
Lens
Delete